# शमी समेत 26 एथलीट्सों को अर्जुन अवॉर्ड

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने भारतीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से नवाजा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया। जिसमें बैडमिंटन की स्टार जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को सबसे बड़ा सम्मान खेल रत्न अवॉर्ड मिला।

वहीं स्टार क्रिकेटर मोहम्मद शमी समेत 26 एथलीट्स को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आम तौर पर 29 अगस्त को होने वाले खेल पुरस्कार समारोह को पिछले साल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक हुए हांगझोउ एशियाई खेलों के कारण स्थगित कर दिया गया था। पिछले साल एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 पदक के साथ भारत के शानदार प्रदर्शन की झलक पुरस्कार समारोह में भी दिखी क्योंकि पुरस्कार पाने वाले अधिकतर खिलाड़ी हांगझोउ खेलों के पदक विजेता थे। इस वर्ष अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए अन्य दिग्गज खिलाड़ियों में पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन और पिछले साल सीनियर चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता पहलवान अंतिम पंघल पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य विजेता मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन और पैरा तीरंदाज शीतल देवी शामिल थे। हाल में शतरंज ग्रैंडमास्टर बनीं आर वैशाली को भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह स्टार ग्रैंड मास्टर आर प्रज्ञानानंद की बड़ी बहन हैं। कोनेरू हम्पी और द्रोणावल्ली हरिका के बाद ग्रैंड मास्टर बनने वाली वैशाली देश की तीसरी महिला खिलाड़ी हैं। युवा स्टार पिस्टल निशानेबाज 19 वर्षीय ईशा सिंह भी जकार्ता में एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर में हिस्सा लेने के कारण समारोह के लिए नहीं पहुंच सकीं।



## रुद्रांक्ष-मेहुली की जोड़ी ने भारत को दिलाया पांचवां स्वर्ण पदक

**जकार्ता (एजेंसी)।** रुद्रांक्ष पाटिल और मेहुली घोष की जोड़ी ने मंगलवार को यहां 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा जीतकर भारत को निशानेबाजी एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में शेन युफान और झू मिंगशुआई की चीन की जोड़ी को 16-10 से मात दी। रुद्रांक्ष और मेहुली की जोड़ी क्वालीफिकेशन में कुल 631.3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। युफान और मिंगशुआई ने 632.3 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। सोमवार को युवा निशानेबाजों वरुण तोमर और ईशा सिंह ने पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतते हुए भारत के लिए दो ओलंपिक कोटा हासिल किए थे। ये दोनों स्वर्ण मेडल जीतने वाली भारत की क्रम से पुरुष और महिला टीम का भी हिस्सा थे। इन दोनों के क्वालीफाई करने के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारतीय निशानेबाजों की संख्या 15 हो गई है जो टोक्यो खेलों में देश के सबसे बड़े निशानेबाजी दल की बराबरी है। टोक्यो ओलंपिक में भारत मेडल टैली में 48वें नंबर पर रहा था।

## श्रीकांत मलेशिया ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

**कुआलालंपुर, (एजेंसी)।** भारत के स्टार खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 30 वर्षीय श्रीकांत ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को एक घंटा और पांच मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 12-21 21-18 21-16 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत आम तौर पर तीन गेम के मुकाबले के दबाव को झेलने में नाकाम रहे हैं लेकिन मंगलवार को पहला गेम गंवाने के बावजूद उन्होंने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। इंडोनेशिया के खिलाड़ी के खिलाफ श्रीकांत ने कुछ बेहतरीन मैच खेले हैं। उन्होंने क्रिस्टी के खिलाफ 11 में से छह मुकाबलों में जीत दर्ज की है। नए सत्र का पहला मुकाबला खेल रहे श्रीकांत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह जल्द ही 4-7 से पिछड़ गए। श्रीकांत ने 8-7 की बढ़त बनाई लेकिन क्रिस्टी ने लगातार नौ अंक जीतने के बाद पहला गेम आसानी से अपने नाम किया। कोच के रूप में पारुपल्ली कश्यप की मौजूदगी में दूसरे गेम में श्रीकांत ने 4-0 की बढ़त बनाई लेकिन क्रि स्टी 11-7 और फिर 17-14 से बढ़त बनाने में सफल रहे। श्रीकांत ने हालांकि अगले आठ में से सात अंक जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। निर्णायक मुकाबले में श्रीकांत ने एक बार फिर खराब शुरुआत की। क्रिस्टी ने 5-0 की बढ़त बनाई और फिर इसे 14-9 तक पहुंचाया। श्रीकांत ने हालांकि इसके बाद क्रिस्टी की गलतियों का फायदा उठाकर जोरदार वापसी की और लगातार सात अंक के साथ 16-14 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से गेम और मैच जीत लिया।


भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
BHOPAL SAHAKARI DUGDHA SANGH MARYADIT.
(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटीज अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत)
GSTIN - 23AAAAB0221D1ZW
भोपाल डेरी प्लांट, हबीबगंज, भोपाल - 462 024 म.प्र. (भारत)
BHOPAL DAIRY PLANT, HABIBGANJ, BHOPAL - 462 024 M.P. (INDIA) PBX (0755) 2478250, 51, 52, 53
FAX No. (0755) 2450896, E-mail: bsdsim@gmail.com, sanchi.bhopal@gmail.com
शुद्धता का संकल्प

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति**

**सांची नीर (पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर) के वितरक कार्य हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है।**

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्या, भोपाल के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत सीहोर, राजगढ़, हरदा, रायसेन, गुना, विदिशा, बैतूल, नर्मदापुरम के जिला मुख्यलयों एवं जिला मुख्यालय अंतर्गत तहसील/विकासखंड/नगर पंचायत/ग्राम पंचायतों में सांची नीर (पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर) के वितरक कार्य हेतु भौतिक रूप से आवेदन आमंत्रित किए गए जाते है। प्रतिभागी (इच्छुक एवं सक्षम) आवेदनकर्ता इस कार्य के नियम एवं शर्तों एवं स्थानों की विस्तृत जानकारी एमपीसीडीएफ भोपाल की वेबसाइट www.sanchidairy.com से प्राप्त कर सकते है। वितरक नियुक्ति कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है।

| स.क्र. | विवरण | कार्यवाही विवरण |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन प्रपत्र ऑनलाईन प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 10.01.2024 को www.sanchidairy.com से समय 12:00 बजे से |
| 2. | आवेदन प्रपत्र भौतिक रूप से जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 30.01.2024 समय 01:00 बजे तक, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ, भोपाल |
| 3. | आवेदन प्रपत्र के आवश्यक अर्हता खोलने की तिथि एवं समय | भोपाल दुग्ध संघ के सभा कक्ष में दिनांक 30.01.2024 एवं समय 02:00 बजे से |
| 4. | ईएमडी राशि | ईएमडी राशि रू. 10000/- (राशि रू. दस हजार मात्र) |

उपरोक्त विवरण के अनुसार पहले प्रतिभागी आवेदनकर्ता को उपरोक्त दर्शित वेबसाइट से आवेदन पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर प्राप्त करना होगा फिर आवदेन पत्र में वितरक कार्य संबंधी वर्णित सभी आवश्यक अर्हताएं एवं शर्ते विस्तृत रूप से पढ़कर समझ ले एवं इसी के अनुरूप आवेदन प्रपत्र भरकर वांछित दस्तावेजो को संलग्न कर आवेदन पत्र के क्रय मूल्य रू. 500/- की डीडी/बैंकर्स चेक सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मे यथा ईएमडी राशि सहित भौतिक रूप से जमा करें। प्राप्त आवेदन प्रपत्र में पहले आवश्यक अर्हताओं का परीक्षण किया जाएगा एवं इसके पश्चात् वितरक नियुक्ति की कार्यवाही की जाएगी। एक स्थान के लिये, एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में कम्प्यूटर रेंडमाईजेशन के माध्यम से लॉटरी प्रक्रिया द्वारा वितरक कार्य हेतु चयन किया जाएगा।

वितरक की अनुबंध अवधि तीन वर्ष हेतु प्रभावशील रहेगी। उक्त अवधि पूर्ण होने पर वितरक का कार्य संतोषप्रद होने की दशा में अनुबंध अवधि एक-एक वर्ष निरंतर अनुबंध की समान शर्त पर बढ़ाये जाने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के पास निहित होगा।

यदि आवेदन में कोई सुधार/संशोधन किया जाता है तो यह केवल उपर दी गई मुख्यालय की वेबसाइट www.sanchidairy.com पर प्रकाशित होगा। कोई अन्य माध्यम से प्रकाशित नही किया जाएगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**


## बिजनेस

## बजाज ऑटो की बाजार पूंजी 2 लाख करोड़ पार

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की बाजार पूंजी पहली बार 2 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गई। मंगलवार के इंट्राडे कारोबार में बीएसई पर दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी का स्टॉक 6 प्रतिशत बढ़कर 7420 रुपए की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। बजाज ऑटो के शेयरों में यह उछाल बोर्ड की तरफ से 10000 रुपए प्रति शेयर पर 4000 करोड़ रुपए के शेयर बायबैक को मंजूरी देने के ऐलान के बाद आया है। पिछले एक साल में बजाज ऑटो के शेयर ने 105 प्रतिशत के उछाल के साथ बाजार से बेहतर प्रदर्शन किया है। इसकी तुलना में इस अवधि के दौरान एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 18 फीसदी और एसएंडपी बीएसई ऑटो इंडेक्स 43 फीसदी चढ़ा है। शेयर की कीमतों में तेजी के बाद बजाज ऑटो का मार्केट कैप मंगलवार को इंट्राडे कारोबार में 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, दोपहर 1.45 बजे बजाज ऑटो 1.78 प्रतिशत या 124.20 रुपए बढ़कर 7109.90 रुपए पर ट्रेड कर रहा था और इस समय इसका मार्केट कैप 2.01 ट्रिलियन रुपए था। बजाज ऑटो ने ऐलान किया कि कंपनी टेंडर रूट के जरिये 40 लाख शेयरों को बायबैक करेगी। यह आंकड़ा बजाज ऑटो के आउटस्टेंडिंग शेयरों का 1.41 प्रतिशत है।

## 15 फीसदी की दर से बढ़ेगी आईटी कंपनियों की कमाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईटी कंपनियों को लेकर लगातार आशंकाएं जताई जा रही हैं कि इस साल इनकी कमाई कमजोर जारी रह सकती है। हालांकि ओमनीसाइंस कैपिटल के सीईओ और चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट विकास गुप्ता का कहना है कि भारतीय आईटी कंपनियां इस साल 2024 में कमजोर जारी रहने के अनुमान को तोड़ सकती हैं। विकास के मुताबिक इस साल आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एआई पर खर्च बढ़ सकता है जिससे आईटी कंपनियों की कमाई बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय और अमेरिकी टेक कंपनियों की कमाई इस साल 15 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। भारतीय आईटी क्षेत्र में कमजोरी जारी रहेगी। इनके लिए सबसे बड़ा मार्केट अमेरिका और यूरोप है और यहां की कंपनियों ने खर्च में कटौती की है जिसके चलते भारतीय सेक्टर बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। एक्सेंचर का अनुमान है कि फरवरी में समाप्त होने वाली तिमाही में 2 फीसदी की दर से रेवेन्यू बढ़ सकती है।

## छोटे शहरों में बढ़ रही ईंधन क्रेडिट कार्ड की मांग

**नई दिल्ली।** भारत के टियर-2 और 3 शहरों के साथ ही कस्बों में क्रेडिट कार्ड के उपयोग की सुविधा और पहुंच बढ़ने के साथ ही इन क्षेत्रों में ई-कॉमर्स क्रेडिट कार्ड के साथ-साथ ईंधन कैश-बैक क्रेडिट कार्ड की मांग सबसे अधिक है। फिनटेक प्लेटफॉर्म जेडईटी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि 2023 में ईंधन क्रेडिट कार्ड की मांग इन क्षेत्रों में सबसे अधिक देखी गयी। बढ़ते ईंधन खर्चों के कारण ईंधन क्रेडिट कार्ड ने टियर-2 और टियर-3 शहरों में लोकप्रियता हासिल की है और 2023 में 17 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ अधिकतम मांग में बने रहे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक/126/बी-121/2023-24 गौहरगंज, दिनांक 01.01.2024

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि ग्राम सलकनी से वर्धमान फैक्ट्री एन.एच पहुंच मार्ग निर्माण ग्राम कोडिया वीरान तहसील गौहरगंज की भूमि खसरा क्र 11/1 रकबा 0.722 हैक्टेयर में से 0.121 हैक्टेयर पर सड़क का निर्माण किया गया है, उक्त भूमि भू-अर्जन से छूट जाने से राजस्व विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के परिपत्र क्रमांक/एफ 12-2/2014/सात/2ए, दिनांक 12 नवम्बर 2014 के द्वारा जारी ''आपसी सहमति के भूमि क्रय नीति'' के अंतर्गत भू-अर्जन की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है।

यदि कोई व्यक्ति या संस्था उक्त भूमि में हित रखता हो और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो तो सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित सुझाव/आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(चंद्रशेखर श्रीवास्तव)
अनुविभागीय अधिकारी
गौहरगंज जिला रायसेन

G-22711/23

भीड़-भाड़ से रहेंगे दूर, कोरोना भागने को हो जायेगा मजबूर।



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग क्र. 2, रामानुजगंज,**
**जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
**eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 151025 निविदा सूचना क्र. 05/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 08-01-2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 29-01-2024 (17.30 बजे) तक ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है-

**कार्य का नाम** - **देवींगंज जलाशय योजना के बांध व नहर के जीर्णोद्धार कार्य अन्तर्गत शीर्ष कार्य में 01 नग बेस्ट वियर का निर्माण, आर.डी. 0 मी. से 290 मी. तक बांध में मिट्टी कार्य, मुरूम फिलिंग व पिचिंग कार्य तथा नहर कार्य से मुख्य नहर के आर.डी. 0 मी. से 1560 मी. सी.सी. चैनल का निर्माण, माईनर नहर क्र. 01 में 210 मी. सी. सी. चैनल निर्माण, माईनर नहर क्र. 03 से 190 मी. सी.सी. चैनल निर्माण 01 नग व्ही.आर.बी. 01 हेड रेग्यूलेटर, 03 नग फॉल व 20 नग कोलाबा पाईप का निर्माण कार्य सहित।**

**अनुमानित लागत - रू. 237.36 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक 29-12-2023 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
जल संसाधन संभाग क्र. 2, रामानुजगंज (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार,
जल संसाधन विभाग, अम्बिकापुर (छ.ग.)

**G-06995/5/23**



भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
BHOPAL SAHAKARI DUGDHA SANGH MARYADIT.
(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटीज अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत)
GSTIN - 23AAAAB0221D1ZW
भोपाल डेरी प्लांट, हबीबगंज, भोपाल - 462 024 म.प्र. (भारत)
BHOPAL DAIRY PLANT, HABIBGANJ, BHOPAL - 462 024 M.P. (INDIA) PBX (0755) 2478250, 51, 52, 53
FAX No. (0755) 2450896, E-mail: bsdsim@gmail.com, sanchi.bhopal@gmail.com
शुद्धता का संकल्प

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति'**

**साँची दुग्ध उत्पाद वितरक सह-परिवहनकर्ता नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत भोपाल शहर के दुग्ध उत्पाद विपणन मार्ग क्र. 09, 10 एवं 15 में दुग्ध उत्पाद वितरक सह-परिवहनकर्ता कार्य हेतु भौतिक रूप से आवेदन आमंत्रित किए गए जाते है। प्रतिभागी (इच्छुक एवं सक्षम) आवेदनकर्ता इस कार्य के नियम एवं शर्तों एवं स्थानों की विस्तृत जानकारी एमपीसीडीएफ भोपाल की वेबसाइट www.sanchidairy.com से प्राप्त कर सकते है। वितरक नियुक्ति कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है।

| स.क्र. | विवरण | कार्यवाही विवरण |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन प्रपत्र ऑनलाईन प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 10.01.2024 को www.sanchidairy.com से समय 12:00 बजे से निरंतर |
| 2. | आवेदन प्रपत्र भौतिक रूप से जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 30.01.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तक, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ, भोपाल |
| 3. | आवेदन प्रपत्र के आवश्यक अर्हता खोलने की तिथि एवं समय | भोपाल दुग्ध संघ के सभा कक्ष में दिनांक 30.01.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे से |
| 4. | ईएमडी राशि | ईएमडी राशि रू. 100000/- (राशि रू. एक लाख मात्र) |

उपरोक्त विवरण के अनुसार पहले प्रतिभागी आवेदनकर्ता को उपरोक्त दर्शित वेबसाइट से आवेदन पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर प्राप्त करना होगा फिर आवदेन पत्र में वितरक सह-परिवहनकर्ता के कार्य संबंधी वर्णित सभी आवश्यक अर्हताएं एवं शर्ते विस्तृत रूप से पढ़कर समझ ले एवं इसी के अनुरूप आवेदन प्रपत्र भरकर वांछित दस्तावेजो को संलग्न कर आवेदन पत्र के क्रय मूल्य रू.1000/- की राशि का डीडी/बैंकर्स चेक सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मे यथा वर्णित ईएमडी राशि सहित भौतिक रूप से जमा करें। प्राप्त आवेदन प्रपत्र में पहले आवश्यक अर्हताओं का परीक्षण किया जाएगा एवं इसके पश्चात् वितरक नियुक्ति की कार्यवाही की जाएगी। एक मार्ग के लिये, एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में (अंक तालिका पद्वति) Grading System अनुसार चयन किया जाएगा। एक से अधिक सफल आवेदनकर्ता की अंक तालिका समान होने पर चयन लॉटरी (Computer Randamisation) पद्धति के माध्यम से किया जाएगा।

दुग्ध उत्पाद वितरक सह-परिवहनकर्ता की अनुबंध अवधि तीन वर्ष हेतु प्रभावशील रहेगी। उक्त अवधि पूर्ण होने पर दुग्ध उत्पाद वितरक सह-परिवहनकर्ता का कार्य संतोषप्रद होने की दशा में मूल अनुबंध को अवधि को एक-एक वर्ष की अवधि हेतु निरंतर अनुबंध की समान शर्त पर बढ़ाये जाने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के पास निहित होगा।

यदि आवेदन में कोई सुधार/संशोधन किया जाता है तो यह केवल उपर दी गई मुख्यालय की वेबसाइट www.sanchidairy.com पर प्रकाशित होगा। कोई अन्य माध्यम से प्रकाशित नही किया जाएगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**


## 2036 तक 9.3 करोड़ घरों की होगी जरूरत

**नई दिल्ली।** देश में आबादी बढ़ने के साथ ही घरों की मांग में भी तेजी आयेगी और वर्ष 2036 तक आवास की मांग 9.3 करोड़ घरों तक पहुंचने का अनुमान है। क्रेडाई ने लियासेस फोरास के सहयोग से वाराणसी में न्यू इंडिया समिट में जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। इसमें कहा गया है कि मुख्य रूप से मांग में वृद्धि के कारण शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जनसंख्या, स्वस्थ मैक्रो-आर्थिक संकेतक और अनुकूल जनसांख्यिकी सहित प्रमुख मापदंडों में आवास आधारित वृद्धि, कई टियर 2 और 3 शहरों के साथ मांग और आपूर्ति दोनों में वृद्धि देखी जा सकती है। उभरते क्षेत्रों में बढ़ती व्यावसायीकरण गतिविधियों के साथ-साथ स्मार्ट शहरों की स्थापना के लिए सरकारी कार्यक्रमों के साथ, यह व्यापक रूप से उम्मीद की जाती है कि रियल एस्टेट विकास की अगली लहर टियर 2 और 3 क्षेत्रों से आएगी।


**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
Aadhar Housing Finance Ltd
**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400069.
**भोपाल (पुरानी शाखा मंडीदीप) शाखा:** प्लॉट नं.11, तीसरी मंजिल, अलंकार कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं.47, जोन-2, एम.पी. नगर, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, भोपाल-462991

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के 60 दिवस में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता(ओ) (शाखा का नाम) | धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 07000000259/ भोपाल (पुरानी शाखा मंडीदीप) शाखा) भीम सिंह नरेटी (ऋणी) भागवती नरेटी (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, केएच नं. 608 2 611 2 प्लॉट नं.178 एन बी होम्स ग्राम घनिया भोपाल बाजारा तहसील हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश-462001, **चर्तुःसीमाएँ:-** पूर्व : विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम : रोड़, उत्तर : प्लॉट नं. 179, दक्षिण : प्लॉट नं. 177 | 07-01-2022 ₹ 11,70,284/- | 05-01-2024 |

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 10.01.2024**

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड



MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 24/01/2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

भोपाल, चूनाबाथी, 105860700031644, 1672, इन्द्रपुरी, 111690700066881, 6994, 7011, 7121, 7169, 111690730046980, 7004, 7041, 7175, 7223, मिसरोद भोपाल, 117820700029851, 117820700030121, 0268, 0291, 0476, छतरपुर, छतरपुर, 136120700007613, होशंगाबाद, होशंगाबाद, 135970700007763, द्वन्थध्झ्रध, भगवानगंज सागर, 126380700018127, 126380730004676, गुजराती बाजार, 114430700023084, शहडोल, शहडोल एम.पी., 137330700004109, 4115, 137330730023313, 3754, 3987, 3989, 6212, टीकमगढ़, टीकमगढ़, 136060700003703, 4031, 4089, 4091, 4092,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड,**
**लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल, पिनकोड 462043**
**Phone No. 0755-2930001, E-Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in**

क्रमांक 14/तक/का.यं./लो.स्वा./मैके.खण्ड/भोपाल/2023-24 दिनांक 03/01/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 49/2023-24 ऑन-लाईन**
**निविदा क्रमांक 2023_PHED_323623_1 दिनांक 03.01.2024**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अन्तर्गत भोपाल जिले के ग्राम कुशलपुरा एवं मित्तुखेड़ी तथा नर्मदापुरम जिले के ग्राम अलीवाड़ा एवं भातना में जल जीवन मिशन अन्तर्गत FHTC के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के लिये क्रियान्वित एकल योजनाओं पर सोलर पम्प स्थापना कार्य हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 18.01.2024 सायं 17.00 बजे तक केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र **"Appendix 2.10"** पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन अपलोड करना होगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| कार्य का विवरण | जिले का नाम | ग्रामों की संख्या | टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | टेण्डर का मूल्य (रू.) | टेण्डर आनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | टेण्डर खुलने की तिथि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल जिले के ग्राम कुशलपुरा एवं मित्तुखेडी तथा नर्मदापुरम जिले के ग्राम अलीवाड़ा एवं भातना में जल जीवन मिशन अन्तर्गत FHTC के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के लिये क्रियान्वित एकल योजनाओं पर सोलर पम्प स्थापना कार्य। | भोपाल एवं नर्मदापुरम | 04 | 15,01,500.00 | 30,030.00 | 2,000.00 | 18.01.2024, सायं 17.00 तक | 19.01.2024, 17.15 बजे | अनुबंध दिनांक से 03 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेब साइट **https://mptenders.gov.in** पर निविदा क्रमांक 2023_PHED_323623_1 दिनांक 03.01.2024 उपलब्ध है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां मैकेनिकल खण्ड भोपाल

**G-22701/23**

अब किस बात का इंतजार, टीका से करो कोरोना पर वार।



ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCE ADVISING
**आदित्य बिड़ला फायनेंस लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय :** इंडियन रेयॉन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात-362266
**शाखा कार्यालय :** रूम नं. 401, चतुर्थ तल, कैमेक स्कवायर, 24, कैमेक स्ट्रीट, कोलकाता-700016.

"**परिशिष्ट**-IV-A"
**सिक्योरिटी इंट्रेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) का प्रावधान देखें**
**अचल संपत्ति के विक्रय के लिये विक्रय सूचना**

**अचल संपत्ति(यों) के विक्रय के लिये सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्सेट्स एवं इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 (2002 का 54) के नियम 8(6) के प्रावधान के अनुसार ई-नीलामी विक्रय सूचना।**

**सामान्य जन को सार्वजनिक रूप में एवं ऋणकर्ता(ओं) एवं प्रतिभूतिकर्ता(ओं) को विशेष रूप में यह सूचना दी जाती है कि नीचे दर्शाई अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के गिरवी/प्रभार में है, जिसका भौतिक कब्जा ऋणकर्ता (ओं) एवं प्रतिभूतिकर्ता (ओं) जिनके नाम 1. श्री देवेन्द्र पाल सिंह (ऋणकर्ता) 2. श्रीमती स्वाती लूथरा (सह-ऋणकर्ता) से राशि भारतीय रू. में 51,79,357/- (रूपये इक्यावन लाख उन्यासी हजार तीन सौ सत्तावन मात्र) एवं राशि रू. में 24,68,792/- (रूपये चौबीस लाख अड़सठ हजार सात सौ बयानबे मात्र) (यह राशि टीडीएस गणना एवं पूर्व-भुगतान प्रभारों, जैसा कि लागू हैं, के अतिरिक्त है) उस पर 15.06.2021 के अनुसार एवं वसूली तिथि तक भविष्य में लगने वाले ब्याज एवं अन्य व्ययों की वसूली के लिए आदित्य बिड़ला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा लिया जा चुका है, उक्त संपत्ति आदित्य बिड़ला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के द्वारा "जहाँ है, जैसा है", "जैसा है, वैसा है" एवं "जो भी है" आधार पर 14 फरवरी 2024 को नीलामी के माध्यम द्वारा विक्रय कर दी जायेगी।**

**आरक्षित मूल्य रू. 32,22,650/- (रूपये बत्तीस लाख बाईस हजार छह सौ पचास मात्र) एवं जमा धरोहर राशि रू. 3,22,265/- (रूपये तीन लाख बाईस हजार दो सौ पैंसठ मात्र) होगी।**

**अचल संपत्ति का विवरण :**

**संपत्ति 1 : वार्ड नं. 56, उर्ला पीएच नं.-17/7, खसरा नं. 834/39, दुर्ग (छ.ग.) में एक स्व-अधिकृत आवासीय संपत्ति के सभी अंश भाग, मापन लगभग 2126 वर्ग फीट, छत्तीसगढ़ -491001। सीमायें :**
**उत्तर-साहू की भूमि**
**दक्षिण-संजय सिंह की विक्रित भूमि**
**पूर्व-20' चौड़ी रोड**
**पश्चिम-धुर्वे की भूमि**
**विक्रय की विस्तृत नियम व शर्तों के लिये कृपया आदित्य बिड़ला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार की वेबसाईट अर्थात्**
**https://mortgagefinance.adityabirlacapital.com/Pages/Individual/**properties-for-auction-under-sarfaesi-act.aspx **या https://sarfaesi.auctiontiger.net**

**तिथि : 10-जनवरी-2024**
**स्थान : छत्तीसगढ़**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**हस्ता/- आदित्य बिड़ला फायनेंस लिमिटेड**
**संपर्क सूत्र : 9503198114**



भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
BHOPAL SAHAKARI DUGDHA SANGH MARYADIT.
(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटीज अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत)
GSTIN - 23AAAAB0221D1ZW
भोपाल डेरी प्लांट, हबीबगंज, भोपाल - 462 024 म.प्र. (भारत)
BHOPAL DAIRY PLANT, HABIBGANJ, BHOPAL - 462 024 M.P. (INDIA) PBX (0755) 2478250, 51, 52, 53
FAX No. (0755) 2450896, E-mail: bsdsim@gmail.com, sanchi.bhopal@gmail.com
शुद्धता का संकल्प

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति'**

**साँची नीर (पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर) वितरक सह-परिवहनकर्ता नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत भोपाल शहर के 15 विपणन मार्गों में साँची नीर (पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर) के वितरक सह-परिवहनकर्ता कार्य हेतु भौतिक रूप से आवेदन आमंत्रित किए जाते है। प्रतिभागी (इच्छुक एवं सक्षम) आवेदनकर्ता इस कार्य के नियम एवं शर्तों एवं स्थानों की विस्तृत जानकारी एमपीसीडीएफ भोपाल की वेबसाइट www.sanchidairy.com से प्राप्त कर सकते है। वितरक नियुक्ति कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है।

| स.क्र. | विवरण | कार्यवाही विवरण |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन प्रपत्र ऑनलाईन प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 10.01.2024 को www.sanchidairy.com से समय 12:00 बजे से निरंतर |
| 2. | आवेदन प्रपत्र भौतिक रूप से जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 30.01.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तक, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ, भोपाल |
| 3. | आवेदन प्रपत्र के आवश्यक अर्हता खोलने की तिथि एवं समय | भोपाल दुग्ध संघ के सभा कक्ष में दिनांक 30.01.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे से |
| 4. | ईएमडी राशि | ईएमडी राशि रू. 50000/- (राशि रू. पचास हजार मात्र) |

उपरोक्त विवरण के अनुसार पहले प्रतिभागी आवेदनकर्ता को उपरोक्त दर्शित वेबसाइट से आवेदन पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर प्राप्त करना होगा फिर आवदेन पत्र में वितरक सह-परिवहनकर्ता के कार्य संबंधी वर्णित सभी आवश्यक अर्हताएं एवं शर्ते विस्तृत रूप से पढ़कर समझ ले एवं इसी के अनुरूप आवेदन प्रपत्र भरकर वांछित दस्तावेजो को संलग्न कर आवेदन पत्र के क्रय मूल्य रू.1000/- की राशि का डीडी/बैंकर्स चेक सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मे यथा वर्णित ईएमडी राशि सहित भौतिक रूप से जमा करें। प्राप्त आवेदन प्रपत्र में पहले आवश्यक अर्हताओं का परीक्षण किया जाएगा एवं इसके पश्चात् वितरक नियुक्ति की कार्यवाही की जाएगी। एक मार्ग के लिये, एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में (अंक तालिका पद्वति) Grading System अनुसार चयन किया जाएगा। एक से अधिक सफल आवेदनकर्ता की अंक तालिका समान होने पर चयन लॉटरी (Computer Randamisation) पद्धति के माध्यम से किया जाएगा।

साँची नीर वितरक सह-परिवहनकर्ता की अनुबंध अवधि तीन वर्ष हेतु प्रभावशील रहेगी। उक्त अवधि पूर्ण होने पर साँची नीर वितरक सह-परिवहनकर्ता का कार्य संतोषप्रद होने की दशा में मूल अनुबंध को अवधि को एक-एक वर्ष की अवधि हेतु निरंतर अनुबंध की समान शर्त पर बढ़ाये जाने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के पास निहित होगा।

यदि आवेदन में कोई सुधार/संशोधन किया जाता है तो यह केवल उपर दी गई मुख्यालय की वेबसाइट www.sanchidairy.com पर प्रकाशित होगा। कोई अन्य माध्यम से प्रकाशित नही किया जाएगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**